कुंजी

2.5.24

Dt.
Pg. 1 B+

Tender Heart High School, Sec. 33-B, CHD.

कक्षा- सातवीं
सुमन शर्मा
विषय- हिंदी साहित्य (पाठ-1 वह देश कौन-सा है)

प्रश्नोत्तर संक्षेप में:-

प्रश्न(क) कविता में भारत के कौन-कौन से कवियों के नाम आए हैं?

उत्तर- कविता में वाल्मीकि, व्यास और कालिदास जैसे कवियों के नाम आए हैं।

प्रश्न(ख) कवि के अनुसार भारत ने दुनिया के लिए सबसे पहले कौन-कौन से कार्य किए?

उत्तर- कवि के अनुसार भारत ने दुनिया को सर्वप्रथम ज्ञान का प्रकाश दिया, शिक्षा दी और भारतवासियों की अज्ञानता को दूर किया।

प्रश्न-(ग) भारत के निवासियों के लिए कविता में किन शब्दों का प्रयोग किया गया है?

उत्तर- कविता में भारत के निवासियों, ज्ञानियों के लिए शिक्षित, निष्पक्ष न्यायकारी और देश प्रेमी नागरिकों, हितैषी आदि शब्दों का प्रयोग किया गया है।

विस्तार से:-

प्रश्न-(क) कविता में कवि ने भारत की प्राकृतिक सुंदरता के बारे में क्या-क्या बताया है?

Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

कुंजी

Dt 2.5.24
Pg 2 D+

कक्षा - सातवीं शिक्षिका - सुमन शर्मा
विषय - हिंदी साहित्य (पाठ-1 वह देश कौन-सा है)

उत्तर- कविता में कवि रामनरेश त्रिपाठी भारत की प्राकृतिक सुंदरता के बारे में कह रहे हैं कि भारत मन मोहने वाली प्रकृति की गोद में बसा है जिसके चरणों को समुद्र निरंतर धो रहा है। इसके सिर पर मुकुट रूपी हिमालय विराजमान है। भारत में अमृत समान जल वाली नदियाँ बह रही हैं। इसमें सुंदर फूल, फल, अनाज और मेवों से भरे राज्य हैं।

प्रश्न-(ख) भारत को विशिष्ट राज्य क्यों माना जाता है?
उत्तर- भारत को दुनिया में विशिष्ट राज्य इसलिए कहा जाता है क्योंकि यहाँ पर दधीचि, हरिश्चंद्र और कर्ण जैसे दानी पुरुषों ने जन्म लिया। भारत देश को वाल्मीकि, व्यास और कालिदास जैसे महान कवियों का देश भी कहा गया है। भारत देश को कवि ने छत्तीस करोड़ शिक्षित, देशप्रेमी नागरिकों वाला देश होने के कारण विशिष्ट राष्ट्र कहा जाता है।

(अंतिम पृष्ठ-2)

Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner